मीनू बुधिया ने केंद्रीय बजट की घोषणाओं का किया स्वागत

केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जानी-मानी साइकोथेरपिस्ट, केयरिंग माइंड्स और आईकैनफ्लाई (इंस्टीट्यूट फॉर स्पेशल नीड्स) की संस्थापक-निदेशक (इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ) श्रीमती मीनू बुधिया ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अति आवश्यक, बहुप्रतीक्षित, स्वागत योग्य घोषणाएं की हैं। मानसिक स्वास्थ्य के लिए नेशनल टेली-मेंटल हेल्थ प्रोग्राम - काउंसलिंग का शुभारंभ जमीनी स्तर से ही बहुत प्रभाव डालेगा। विशेष रूप से महामारी के कारण चिंता, अवसाद और अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि के बाद, डिजिटल सुविधाएं नागरिकों को मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और सुविधाओं तक आसानी से पहुंचने में सक्षम बनाएंगी और इससे हमारे देश का एक खुशहाल और स्वस्थ भविष्य होगा।

दिव्यांग आश्रितों को कर राहत प्रदान करने की घोषणा - ऐसे व्यक्तियों और उनके माता-पिता के लिए बहुत मददगार होगी। यह वित्तीय राहत और देखभाल के बेहतर मानक की अनुमति देगा। एक स्पेशल नीड वाले बच्चे मां की रूप में, मैं इस सुविधा के लिए अपना हार्दिक धन्यवाद देना चाहती हूं, जो चिंताओं को कम करेगा और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के माता-पिता को कुछ राहत प्रदान करेगा।